# तीन चोर गिरफ्तार, 30 हजार रुपए का माल बरामद

## संजीवनी क्लीनिक नैनपुर में दिया था वारदात को अंजाम, पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, आरोपियों पर 22 मामले हैं दर्ज

**मंडला, देशबन्धु।** दिनांक 21.02.2025 को थाना नैनपुर अंतर्गत पुराना अस्पताल स्थित संजीवनी क्लिनिक नैनपुर में अज्ञात चोर व्दारा खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर रखे सामान चोरी करने की रिपोर्ट प्राप्त हुई। उक्त रिपोर्ट पर से थाना नैनपुर में अपराध क्रमांक 71/2025 धारा 305, 331(4) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया मामले में अनुविभागीय अधिकारी नैनपुर के निर्देशन में थाना प्रभारी नैनपुर के व्दारा उक्त चोरी में संलिप्त आरोपियों का पता लगाकर गिरफ्तार करने हेतु 6 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। टीम व्दारा अज्ञात आरोपियों के संबंध में लगातार मुखबीरों से जानकारी प्राप्त कर तलाश पतासाजी की गई।

इस दौरान पुलिस टीम को चोरों के संबंध में अहम जानकारी प्राप्त हुई। प्राप्त जानकारी जिसमें गणेश उर्फबी मरकाम पिता मुनिम मरकाम उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं. 15 नैनपुर, विक्रम उर्फ भूरा पिता कमोद साहू उम्र 24 साल निवासी वार्ड नं. 15 नैनपुर एवं पवन लिल्हारे पिता मारूति लिल्हारे उम्र 48 साल निवासी वार्ड नं. 1 गौरी शंकर नगर बूढ़ी बालाघाट जिला बालाघाट हाल वार्ड नं. 14 सीताराम टोला नैनपुर के चोरी करने की जानकारी मिलने पर टीम व्दारा तीनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर घटना स्वीकार किये तथा घटना में चोरी की सम्मत्ति 1 एल.ई.टी. मानिटर, 1 नग दरी 12'20 कुल किमती 30 हजार रूपये का मशरूका जप्त किया गया। आरोपियों के विरूध्द पूर्व में चोरी, हत्या और मारपीट, आर्म्स एक्ट के अपराध पंजीबध्द है। उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। पवन लिल्हारे पिता मारूति लिल्हारे उम्र 48 साल निवासी वार्ड नं. 1 गौरी शंकर नगर बूढ़ी बालाघाट जिला बालाघाट हाल वार्ड नं. 14 सीताराम टोला नैनपुर के विरुद्ध कुल 15 अपराध पंजीबद्ध है । गणेश उर्फ बी मरकाम पिता मुनिम मरकाम उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं. 15 नैनपुर के विरूध्द 4 अपराध पंजीबद्ध है । विक्रम उर्फभूरा पिता कमोद साहू उम्र 24 साल निवासी वार्ड नं. 15 नैनपुर के विरूध्द 3 अपराध पंजीबद्ध है ।




थाना प्रभारी नैनपुर निरीक्षक बलदेव मुजाल्दा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक के. के. विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक निधि नेमा, उपनिरी. राजकुमार हिरकने, सउनि वंदना नाग, आर. ओमप्रकाश बघेल, आर. रामलाल मोय, आर. सुरेश जैतवार, आर. विशाल, आर. दुर्गेश लिल्हारे सायबर सेल मण्डला सुरेश भटेरे, सुर्यचंद बघेल की विशेष भूमिका रही।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया नल जल कार्य का अवलोकन



**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट मवई विकासखंड की विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया परसाटोला के भ्रमण के दौरान उन्होंने ने नल जल के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शेष कार्य को जल्द पूरा कराएं तथा प्रत्येक घर तक जल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि लोगों को जल संरक्षण का महत्व बतलाएं तथा पानी का दुरूपयोग रोकने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें। जल आपूर्ति की समयावधि तथा जलकर की वसूली के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत भागचंद्र टिमहरिया सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सीईओ जिला पंचायत ने किया पौध-रोपण, कंटूर ट्रेंच का अवलोकन

**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने विकासखंड मवई के विभिन्न विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मुदियारीचक पहुंच कर वृक्षारोपण हेतु गड्ढे का खुदाई कार्य, कंटूर ट्रेंच आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री कूमट ने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी लगातार क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। कंटूर ट्रेंच के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत भागचंद्र टिमहरिया सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### सीईओ जिला पंचायत ने आईटीआई भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जनपद पंचायत मवई के धनगांव में निर्माणधीन आईटीआई भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कर में लाई जा रही सामग्रियों गुणवत्ता का विशेष ध्यान। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत भागचंद्र टिमहरिया सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### सीईओ जिला पंचायत ने किया खेत तलाब के कार्य का अवलोकन

**मंडला, देशबन्धु।** पखवार भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने मनरेगा के अंतर्गत खेत तालाब के प्रगतिरत कार्य का अवलोकन किया। सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों से खेत तालाब के इनलेट और आउटलेट के विषय में जानकारी ली। मजदूरों और हितग्राही से कार्य के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि तालाब में मत्स्य पालन भी किया जा सकता है, यह अतिरिक्त आय का साधन होगा। खेत तालाब की मेढ़ पर अरहर सहित अन्य फसलों की पैदावार लें। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत भागचंद्र टिमहरिया सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### ग्लोबल इंवेस्टर समिट में जिले के 30 उद्योगपति, उद्योग संघ के पदाधिकारी शामिल होंगे

**मंडला, देशबन्धु।** 24 एवं 25 फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतिथ्य में इंदिरा गांधी मानव राष्ट्रीय संग्रहालय भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मण्डला जिले से 30 उद्योगपति/उद्योग संघ के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो सवार की मौत

**दमोह, देशबन्धु।** एक और सड़क हादसे में दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेजगढ़ से झलौन मार्ग पर गोहची और बांसा के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से ऑटो सवार एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवी पिता मिनी गौड़ 40 निवासी हरदुआ हाथी घाट थाना तेजगढ़ बाजार में खरीदी करके वापस ऑटो से घर जा रहा था। राहगीरों ने बताया कि युवक ऑटो के बाहर आधा लटका हुआ था जो ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव ने घायल अवस्था में पड़े युवक को 108 की मदद से इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत नपा ने हरा-भरा पेड़ कटवाया

**हटा, देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण के लिए तमाम प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन हटा नपा क्षेत्र में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। चंडी जी वार्ड गंगा झिरिया निवासी ओम दुबे ने सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई कि सड़क के बीचोंबीच एक पेड़ लगा हुआ है जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है इसलिए इस पेड़ को काटा जाएं नगरपालिका ने इस पेड़ पर रेडियम संकेतक लगाने एवं समझाइश देने की बजाय एक बीस फीट ऊंचे अशोक के पेड़ पर कुल्हाड़ी चलाकर काट दिया और शिकायत बंद कराकर इतिश्री कर ली। इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन प्रभारी कुलदीप पटेल का कहना है कि वन विभाग से शिकायत ट्रांसफर होकर नपा आई थी संपर्क किया लेकिन शिकायत कर्ता बिना पेड़ अलग किए शिकायत बंद नहीं कर रहा था इसलिए पेड़ कटवाना पड़ा।

# सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा कर बाइक सवार की मौत

**दमोह, देशबन्धु।** जबलपुर स्टेट हाइवे पर नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक सवार तीन युवक शुक्रवार रात सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दो गंभीर घायलों को जबलपुर रेफर किया गया।



पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह तीनों युवक नोहलेश्वर महोत्सव कार्यक्रम से घर लौट रहे थे और बीच रस्ते में यह हादसा हो गया। वहीं, इस घटना के बाद अभाना गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार अभाना निवासी यह तीनों युवक सचेंद्र जैन पिता रविचंद्र जैन 22, लोकेश पिता लाला रेकवार 21 और सचेंद्र पिता मनोज 21 शुक्रवार रात नोहुलेश्वर महोत्सव का कार्यक्रम देखकर बाइक से नोहटा से अपने घर अभाना लौट रहे थे। इसी दौरान अंधेरे में बिना किसी संकेतक के सड़क पर खड़ी ट्रेक्टर ट्राली से बाइक सवार युवक टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 की मदद जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सिर में गंभीर चोट तथा अधिक खून बहने के चलते जिला अस्पताल से देर रात जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान सचेंद्र जैन पिता रविचंद्र जैन 22 वर्ष की मौत हो गई और बाकी दो घायलों का इलाज चल रहा है। नोहटा थाना पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में चार बाल नि:क्षय साथी चयनित

**मंडला, देशबन्धु।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिवसीय टी.बी. अभियान नि-क्षय शिविर के तहत् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला क्षय अधिकारी के निर्देशन में उत्कृष्ठ विद्यालय मण्डला में बाल नि-क्षय साथी चयनित किये गये। बाल नि-क्षय साथी शब्द सरकारी पहल 'निक्षय मित्र' से प्रेरित है, जो व्यक्तियों को क्षय रोगियों को अपनाने और उनकी पोषण और चिकित्सा आवश्यकताओं का पूरा करने का अवसर देता है। इस संदर्भ में, बाल निक्षय साथी एक ऐसा छात्र है जो स्कूल में अपने सहपाठियो और स्कूल के अन्य छात्रों में टीबी जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। बाल निक्षय साथी टीबी जागरूकता सत्रों का नेतृत्व करेंगे, विभिन्न



टीबी से संबंधित गतिविधियों के लिए शिक्षकों और टीबी चौंपियंस के साथ समन्वय करेंगे और टीबी से जुडे मिथकों से संबंधित आवश्यक जानकारी जैसे क्षय रोग के प्रति जागरूकता लाने में सहयोग प्रदान करेंगे। वे स्कूलों में 'जानते हो ना' अभियान के एक छोटे संस्करण का नेतृत्व करेंगे और लक्षणों की जानकारी देकर एवं छात्रों को चिकित्सा परामर्श लेने के लिए प्रेरित कर संभावित क्षय रोगियों की पहचान में भी सहायता करेंगे। उत्कृष्ठ विद्यालय मण्डला से 4 बाल निक्षय साथी की पहचान की गई है।

बाल नि-क्षय साथी के नाम इस प्रकार हैं इस दौरान प्रभारी डीपीसी गौरव साहू, एसटीएस मुकुल तुमराम, प्रभारी टी.बी. एच.व्ही. भूपेन्द्र चौधरी एवं डी.ई.ओ. दीपक तिवारी उपस्थित रहे।

# जिले में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** शासकीय कार्यालयों में 31 मार्च 2025 से ई-ऑफिस प्रणाली लागू किया जाना है। जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिलास्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को ई दक्ष केंद्र मण्डला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। डीआईओ एनआईसी श्रीमती मधु मिश्रा, ई-दक्ष केन्द्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक शैलेष यादव, सुधीर सिंगौर, शिवराम पटेल, अजय खंडेलकर, तनुश्री पाठक द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न प्लेटफार्म के विभिन्न कार्यो तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण में ई-ऑफिस का परिचय व उपयोग, दस्तावेज़ तैयार करना व अनुमोदन प्रक्रिया, रिपोर्टिंग व फाइल ट्रैकिंग, सुरक्षा उपाय व गोपनीयता इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डीआईओ श्रीमती मधु मिश्रा ने बताया कि विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और कुशल बनाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ई-ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म का सही और प्रभावी उपयोग सिखाया जा रहा है, ताकि कार्यों को डिजिटल रूप से सुव्यवस्थित किया जा सकें। इससे कागजी प्रक्रिया में कमी लायी जा सकेगी। ई-ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म पर दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग व प्रसंस्करण, कार्यों में पारदर्शिता और कुशलता, समय की बचत एवं प्रक्रिया की गति में सुधार, कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग स्थापित करना है।

# अवैध खनन व ओवर लोडिंग पर कार्रवाई के निर्देश

**डिंडोरी, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खनिज विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला सहित खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित राजस्व लक्ष्य का 65.77 प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भण्डारण के दर्ज प्रकरणों की जानकारी में बताया गया कि अवैध उत्खनन के दर्ज 15 प्रकरणों में 10 निराकृत कर लिया गया है, जिससे 8,32,500 रूपए अर्थदण्ड वसूल की गई है। इसी प्रकार से अवैध परिवहन के दर्ज 42 प्रकरणों में से 33 प्रकरण का निराकरण कर 17,05,694 रूपए की अर्थदण्ड वसूल की गई, अवैध भण्डारण के दर्ज 3 प्रकरणों में से 1 प्रकरण का निराकरण कर 45,309 रूपए की अर्थदण्ड वसूल की गई है।

जिले में स्वीकृत खनि रियायतों में उत्खनिपट्टा (पत्थर, गिट्टी) के 55 खदान, खनिपट्टा (ऑक्शन ब्लॉक) बाक्साइट का 1 खदान, नीलाम खदान (रेत) के 7 खदान और उत्खनन अनुज्ञा (शासकीय निर्माण कार्यों हेतु) पत्थर/गिट्टी के 6 खदान स्वीकृत हैं। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने स्वीकृत खदानों के अतिरिक्त नदी या नालों से अवैध उत्खनन न हों इसलिए सतत निगरानी करने के निर्देश दिए।

# डिंडोरी में सहायक आयुक्त की कार्यशैली पर उठे सवाल

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिस दिन से सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला ने डिंडोरी जिले की कमान संभाली है तब से जनजाति कार्य विभाग से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी निकालना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन हो गया है। कागजों में करोड़ों रुपए की हेराफेरी करने वाले सहायक आयुक्त ने सरकारी दस्तावेजों को जंजीरों से जकड़ा हुआ है।

कमर्चारियों को साफ निर्देश है कि कोई भी कागज किसी भी हालत में किसी को नहीं देना है। इनके कार्यकाल में हजारों की तादाद में सूचना का अधिकार के तहत आवेदन आए लेकिन उन्होंने सभी आवेदनों को कचरे की ढेर में फेंकते हुए मामलों को खत्म कर दिया। सूत्रों की माने तो संतोष शुक्ला गड़बड़ घोटालों की सरकारी फाइलें घर में रखते हैं, जिससे कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों तक को विभागीय गतिविधियों की जानकारी नहीं मिलती है। इस तरह लोकायुक्त छापे से स्पष्ट हे कि भ्रष्ट अधिकारी जिले के वर्तमान और भविष्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। जब विकास कार्यों और आय व्यय से जुड़े दस्तावेज सामने ही नहीं आएंगे तो आखिर गड़बड़ी का खुलासा कैसे होगा? सहायक आयुक्त शुक्ला द्वारा पदभार ग्रहण करते हुए स्मार्ट क्लास केनाम घटिया और कबाड़ क्वालिटी के सामग्री खरीदकर करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया था। खरीदी में भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व कांग्रेस नेता एवं वर्तमान भाजप नेता जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते ने बड़ा आंदोलन कर कार्रवाई की मांग की थी।

# 238 लीटर शराब व प्रतिबंधित सिरप का जखीरा जब्त

**डिंडोरी, देशबन्धु।** नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए डिंडौरी पुलिस ने बड़ी तादाद में शराब के साथ प्रतिबंधित सीरप का जखीरा जब्त किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से दो पहिया व चार पहिया वाहन भी जब्त किया हैं। नशे के खिलाफ की गई कार्रवाई की पुलिस अधीक्षक ने प्रशंसा करते हुए इनाम की घोषणा की है। पहले मामले में चार आरोपियों के कब्जे से एक लाख 63 हजार रुपए की 238 लीटर शराब व चार बाइक जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किया है। वहीं शहपुरा पुलिस ने बीती रात्रि छापामार कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों से प्रतिबंधित सीरप और एक चार पहिया वाहन बरामद किया है।

गुरुवार की अलसुबह पुलिस ने सूचना के आधार पर थाना स्तर पर अलग अलग टीमों का गठन कर दबिश के लिए रवाना किया। पुलिस टीम ने नाका घेराबंदी करते हुए दो पहिया वाहनों के माध्यम से शराब की तस्करी करते चार आरोपियों को अंग्रेजी शराब सहित पकड़ा गया। पुलिस ने बलराम गौतम 32 वर्ष, मनोज कुमार गौतम 34 वर्ष, उज्जैन सिंह ठाकुर 32 वर्ष तीनो निवासी ग्राम मडियारास एवं बद्री गौतम 32 वर्ष निवासी ग्राम खरगहना से अलग-अलग चार बाइक के साथ लगभग एक लाख 63 हजार 390 रुपए कीमती कुल 238 लीटर शराब तस्करी करते हुए ग्राम घानामार के पास से गिरफ्तार किया गया। कोतवाली में अलग अलग 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें से तीन आरोपियों मनोज, उज्जैन और बद्री गौतम के खिलाफ पूर्व में भी अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी ढाबा का संचालन करते हैं। सभी आरोपियो को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।